**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक 15.08.2025</u>**

**पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया, उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरण कर दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए।**

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तत्पश्चात पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया तथा उपस्थिति अधि0/कर्मचरियों को सत्यनिष्ठा से कार्य करने एवं राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलायी गई व सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक / ग्रह मंत्रालय का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया व यू0पी0 112 मुख्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत रैली निकाली गई। इसके उपरांत पुलिस पेंशनर्स की पुलिस सेवा के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की गई व साल व मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया गया।